# दिनांक 23.05.2022 को आयोजित जल जीवन मिशन की समीक्षा बैठक की कार्यवत्ति :—

दिनांक 23.05.2022 को पूर्वान्ह 11.00 बजे से अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में अधिशासी अभियन्ता,षष्ठम नि0ख0,उ0प्र0 जल निगम, श्री शमशेर आलम, परियोजना प्रबन्धक एल0एण्ड टी0, श्री मोहसिन प्लानिंग हेड एल0एण्ड टी0, श्री आनन्द कुमार जे0ई0 एल0एण्ड टी0, श्री अमित श्रीवास्तव एवं श्री अवधेश वर्मा उप परियोजना प्रबन्धक मेधज, श्री शत्रुघ्न कुमार, पुरूषोत्तम राम व श्री अमित सिंह सहायक अभियन्ता जल निगम तथा जल निगम षष्टम निर्माण खण्ड के अवर अभियन्तागण उपस्थित थे।

परियोजना प्रबन्धक एल0एण्ड टी0 से जल जीवन मिशन के अन्तर्गत कराये जा रहे कार्यों की सूचना उपलब्ध कराये जाने हेतु अवगत कराया गया था परन्तु उनके द्वारा गलत सूचना प्रस्तुत की गई, सही सूचना उपलब्ध कराये जाने हेतु पुनः निर्देशित किया गया। परियोजना प्रबन्धक द्वारा बैठक में अवगत कराया गया कि वर्तमान समय में 123 परियोजनाओं पर कार्य कराया जा रहा है, जिसमें 92 परियोजनाओं पर 400 मजदूरों द्वारा लगातार कार्य किया जा रहा है।

बैठक में निर्देशित किया गया कि एल0एण्ड टी0 द्वारा कराये जा रहे कार्यों का जल निगम के प्रत्येक सहायक/अवर अभियन्ताओं द्वारा प्रति दिन कम से कम 3–3 कार्यों का सत्यापन किया जायेगा, जिसमें कार्य की गुणवत्ता, कितने परियोजनाओं पर कार्य चल रहा है, कार्य की प्रगति क्या है, कार्य पर कितने मजदूर कार्यरत है, मजदूरों द्वारा सुरक्षा किट (दस्ताना, मास्क,शूज, जैकेट आदि) का उपयोग किया जा रहा है अथवा नहीं आदि का उल्लेख किया जायेगा। परियोजना प्रबन्धक एल0एण्ड टी0, समस्त सहायक/ अवर अभियन्ता तथा मेधज के परियोजना प्रबन्धक/उप परियोजना प्रबन्धक को निर्देशित किया गया कि प्रत्येक कार्य दिवस में एक साथ बैठकर कराये जा रहे कार्यो का प्रगति विवरण तैयार कर अधिशासी अभियन्ता,षष्ठम निर्माण खण्ड, जल निगम को उपलब्ध करायें, तत्पश्चात अधिशासी अभियन्ता द्वारा स्थिति से अधोहस्ताक्षरी को अवगत कराया जायेगा।

एल0एण्ड टी0, मेधज के अधिकारियों तथा जल निगम के सहायक/अवर अभियन्ताओं को निर्देशित किया किया गया कि स्थानीय मा0 विधायक जी/ ब्लाक प्रमुख जी से व्यक्तिगतरूप से सम्पर्क स्थापित कर निरीक्षण हेतु समय निर्धारित कराकर कराये जा रहे कार्यो का निरीक्षण करायें तथा नये परियोजना का कार्य प्रारम्भ कराये जाने से पूर्व समय निर्धारित कराकर शिलान्याश भी मा0 जनप्रतिनिधि से करायें एवं उक्त से सम्बन्धित सूचना से अधोहस्ताक्षरी को निरन्तर अवगत करायेंगे।

दिनांक 25.04.2022 को आयोजित समीक्षा बैठक में अधिशासी अभियन्ता,षष्ठम निर्माण खण्ड जल निगम एवं परियोजना प्रबन्धक एल0एण्ड टी0 को निर्देशित किया गया था कि जल जीवन मिशन के अन्तर्गत आगामी 06 माह में होने वाले कार्यों की कार्ययोजना तैयार कर उपलब्ध करायें परन्तु अभी तक उक्त सूचना उपलब्ध नहीं कराई गई है तथा कार्यालय पत्र संख्या 253 दिनांक 27.04.2022 द्वारा जिला पंचायत, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग एवं पी0एम0जी0एस0वाई0 के क्षतिग्रस्त सडकों/गलियों की सूची इस निर्देश के साथ प्रेषित की गई थी कि मानक के अनुरूप इसका मरम्मत तत्काल कराना सुनिश्चित करायें परन्तु कृत कार्यवाही से अभी तक अवगत नहीं कराया गया है, यह स्थिति अत्यन्त खेदजनक है। उक्त कृत्य के लिए **अधिशासी अभियन्ता,षष्ठम नि0ख0 जल निगम का माह मई,2022 का वेतन रोका जाता है।** अधिशासी अभियन्ता, जल निगम एवं परियोजना प्रबन्धक एल0एण्ड टी0 को यह भी निर्देशित किया गया कि क्षतिग्रस्त किये गये सडकों/ गलियों के मरम्मत का कार्य मानक के अनुरूप करायें जिससे कि बरसात के बाद पुनः सड़क खराब न हो पाये।

अधिशासी अभियन्ता, जल निगम को निर्देशित किया गया कि विकास खण्ड मुख्यालय पर जल जीवन मिशन के अन्तर्गत बैठक आयोजित कराये जाने हेतु रोस्टर तैयार कर अवगत करायें तथा उक्त बैठक में प्रतिभाग किये जाने हेतु मा0 विधायक एवं ब्लाक प्रमुख से सम्पर्क स्थापित कर उन्हें भी अवगत करायें। उक्त बैठक में अधिशासी अभियन्ता, जल निगम के साथ सम्बन्धित सहायक/अवर अभियन्ता, खण्ड विकास अधिकारी, एल0एण्ड टी0, मेधज के अधिकारी, चयनित ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान एवं ग्राम सचिव भी प्रतिभाग करेंगे तथा बैठक में प्राप्त शिकायतों का तत्काल निराकरण कराकर स्थिति से अवगत करायेंगे।

जल जीवन मिशन के अन्तर्गत जनपद में कुल 439 परियोजनाओं का चयन किया गया है जिसके सापेक्ष 311 परियोजनाओं हेतु स्थल का चिन्हांकन किया गया है। चिन्हांकित स्थल में अभी भी 86 स्थल विवादित है तथा शेष

परियोजनाओं के भूमि चिन्हांकित किये जाने एवं विवाद के निस्तारण हेतु उप जिलाधिकारी सदर, राजातालाब एवं पिण्डरा को पत्र प्रेषित किया गया है। अधिशासी अभियन्ता जल निगम एवं परियोजना प्रबन्धक एल0एण्ड टी0 को निर्देशित किया गया कि सम्बन्धित उप जिलाधिकारी से निरन्तर सम्पर्क स्थापित कर स्थल उपलब्धता की कार्यवाही पूर्ण करायेंगे तत्पश्चात साप्ताहिक प्रगति से अधोहस्ताक्षरी को अवगत कराते रहेंगे। यह भी निर्देशित किया जाता है कि अपने अधीनस्थ समस्त सहायक/अवर अभियन्ताओं को निर्देशित कर दें कि वे प्रत्येक सप्ताह सम्बन्धित उप जिलाधिकारी के कार्यालय में जाकर भूमि उपलब्धता के सम्बन्ध में वार्ता करें।

बैठक में यह तथ्य प्रकाश में आया कि जल निगम के सहायक/अवर अभियन्ता अपने विकास खण्ड कार्यालय पर मुख्यालय नहीं बनाये है और न ही ग्रामीण क्षेत्रों का निरन्तर भ्रमण कर रहे है, जिसके कारण पेयजल सम्बन्धी समस्याओं का निराकरण ससमय नहीं हो पा रहा है। श्री पुरूषोत्तम राम सहायक अभियन्ता द्वारा बताया गया कि वे दिनांक 19.05.2022 को विकास खण्ड कार्यालय पर गये थे, उसके बाद नहीं गये। इसी प्रकार श्री कुणाल गौतम अवर अभियन्ता द्वारा बताया गया कि 06 दिन पूर्व विकास खण्ड मुख्यालय पर गये थे। दिनांक 25.04.2022 की बैठक में स्पष्टरूप से निर्देशित किया गया था कि सभी सहायक/अवर अभियन्ता अपने कार्यक्षेत्र के सापेक्ष अपना मुख्यालय विकास खण्ड कार्यालय पर स्थापित करें परन्तु उक्त आदेश का अनुपालन नहीं किया गया, यह स्थिति अत्यन्त खेदजनक है। **अधिशासी अभियन्ता को निर्देशित किया जाता है कि जब तक समस्त सहायक/ अवर अभियन्ता द्वारा विकास खण्ड कार्यालय पर मुख्यालय स्थापित कर रात्रि निवास नहीं किया जाता है तब तक वेतन भुगतान की कार्यवाही न किया जाय तथा अभी तक आदेश का अनुपालन न किये जाने के सम्बन्ध में स्पष्टीकरण भी प्राप्त करें।** समस्त सहायक/ अवर अभियन्ताओं द्वारा लिखितरूप में अवगत कराया जायेगा कि उनके कहाँ मुख्यालय बनाया गया है तथा किन-किन तिथियों में कहाँ-कहाँ कार्य किया गया है।

अधिशासी अभियन्ता जल निगम, परियोजना प्रबन्धक एल0एण्ड टी0, मेधज तथा जल निगम के समस्त सहायक/अवर अभियन्ताओं को निर्देशित किया जाता है कि उपरोक्तानुसार दिये गये निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित कराते हुए कृत कार्यवाही से अवगत कराना सुनिश्चित करें तथा आगामी बैठक में पूर्ण सूचना के साथ प्रतिभाग करना सुनिश्चित करेंगे।

(अभिषेक गोयल)
मुख्य विकास अधिकारी
वाराणसी।

## कार्यालय मुख्य विकास अधिकारी-वाराणसी।

पत्रांक-528 /ग्रा0पे0का0/ज0जी0मि0-बैठक/2022-23 दिनांक- 25 मई,2022

प्रतिलिपि :- निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1 - जिलाधिकारी महोदय,वाराणसी की सेवा में अवलोकनार्थ प्रेषित।
2 - मुख्य अभियन्ता, वाराणसी क्षेत्र, उ0प्र0 जल निगम, ग्रामीण-वाराणसी।
3 - अधिशासी अभियन्ता,षष्ठम निर्माण खण्ड,उ0प्र0 जल निगम,वाराणसी।
4 - परियोजना प्रबन्धक, एल0एण्ड टी0, अशोक नगर कालोनी-वाराणसी।
5 - परियोजना प्रबन्धक, मेधज,नदेसर-वाराणसी
6 - समस्त खण्ड विकास अधिकारी, जनपद-वाराणसी।
7 - समस्त सहायक /अवर अभियन्ता, षष्ठम निर्माण खण्ड,जल निगम, द्वारा अधिशासी अभियन्ता, जल निगम-वाराणसी।

मुख्य विकास अधिकारी
वाराणसी।